>

Title : Need to provide special economic package for the people affected by floods in river Ghagra in Salempur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री रमाशंकर राजभर (सलेमपुर): मैं उत्तर प्रदेश के सलेमपुर संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित होकर आया हूँ। मेरा संसदीय क्षेत्र दो जनपदों देवरिया तथा बलिया तक फैला हुआ है। मेरे संसदीय क्षेत्र से घाघरा नदी गुजरती है जिसके कारण दोनों जनपदों के किनारों पर बसे गांवों की हजारों एकड़ फसल की तबाही, गरीब, मजदूर तथा किसानों के कच्चे मकानों व संपत्तियों की बर्बादी तथा कुछ गांव जैसे तुर्तीपार, खैराखास, बेल्थरा बाजार, हल्दीरामपुर, शिसोटार, मनियर, डूहाबिहरा, कठौड़ा, दतहा, बांसडीह का अस्तित्व भारी कटान के कारण खतरे में पड़ गया है।

आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि घाघरा नदी की बाढ़ से होने वाले नुकसान की भरपाई हेतु केन्द्र सरकार बेघर हुए पीड़ित लोगों को इंदिरा आवास तथा फसल बर्बादी हेतु विशेष आर्थिक मदद एवं कटान को रोकने हेतु यथाशीघ्र कारगर कदम उठाने का कष्ट करें।